आवश्यक

स्मरण पत्र – III

संख्याःशिक्षा–एच0;ई0ई0 (4) 4–17/2017–13 Instructions.
प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय
हिमाचल प्रदेश ।
दिनांक शिमला–171001 फरवरी , 2020

प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय (हि.प्र.) 24 FEB 2020 शिमला–1

सेवा में,

1. समस्त उप निदेशक (प्रारम्भिक शिक्षा), हिमाचल प्रदेश।
2. समस्त उप निदेशक (उच्च शिक्षा) हिमाचल प्रदेश।

विषय :– प्रदेश की पाठशालाओं में "मध्याहन भोजन योजना" के अन्तर्गत हरित कचरा (Green Waste) के उपयुक्त निपटारे बारे दिशा निर्दश।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषय पर आपका ध्यान इस निदेशालय के पत्र संख्या सम दिनांक 10.04.2019 तथा स्मरण पत्र दिनांक 20.06.2019, 06.08.2019 की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसके तहत आपको विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए थे कि आप प्रदेश की सभी पाठशालाओं में "मध्याहन भोजन योजना" के अन्तर्गत हरित कचरे (Green Waste) के उपयुक्त निपटारे हेतु "पाठशाला प्रबन्धन समिति " (SMC) की सहायता से पाठशाला के आसपास एक छोटा गढा (Pits) बना कर उसमें प्रतिदिन "मध्याहन भोजन योजना" से सम्बन्धित हरित कचरे (Green Waste) जैसे कि सब्जी /फलों इत्यादि के छिलके, बचे हुए भोजन तथा अन्य प्रकार के हरित कचरे (Green Waste) को उस गढे (Pits) में डालें तथा उस गढे (Pits) को ढक कर रखे। कुछ समय पश्चात गढे (Pits) में एकत्रित हरित कचरे (Green Waste) का खाद के रूप में परिवर्तित होने के उपरान्त उस खाद का उपयोग पाठशाला में बने स्कूल किचन गार्डन (School Nutrition Garden) में करें, जिसके फलस्वरूप जहां पर एक तरफ पाठशाला स्तर पर हरित कचरे (Green Waste) का उपयुक्त निपटारा होगा वहीं दूसरी तरफ पाठशाला के इर्द गिर्द साफ, सुथरा एंव स्वच्छ वातावरण भी रहेगा। इसके अतिरिक्त पाठशाला में शिक्षा ग्रहण कर रहे सभी बच्चों को प्रतिदिन (Morning Assembly) में पाठशाला के समूचे परिसर (Campus) को साफ सूथरा रखने हेतु उन्हें समझायें तथा शिक्षित भी करें।

इस सन्दर्भ में माननीय राष्टीय हरित प्राधिकरण (NGT) द्वारा ओ0ए0 संख्या 606/2018 में दिनांक 16–01–2019 को पारित आदेश की अनुपालना की समीक्षा हेतू गठित राज्य स्तरीय समिति द्वारा कार्यान्वयन सूचना (Action Taken Report) मांगी गई है कि उक्त निर्देशानुसार विभाग द्वारा कितनी पाठशालाओं में "मध्याहन भोजन योजना" के अन्तर्गत हरित कचरे (Green Waste) के निपटारे हेतू क्या आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई गई है , का जिलावार नवीनतम विवरण निम्न प्रपत्र पर निदेशालय को दिनांक 31.08.2019 या इससे पूर्व उपलबध करवायें ताकि तदानुसार इस सन्दर्भ में नवीनतम वांछित सूचना (Action Taken Report) सरकार को समय पर प्रेषित की जा सके।

क्रम संख्यां	जिला का नाम	पाठशालाओं की संख्यां जिनमें अभी तक मध्याहन भोजन योजना के अन्तर्गत हरित कचरे (Green Waste) के निपटारे हेतू कितनी पाठशालाओं में गढे (Pits) बना लिए गए है (संख्या लिखे)	अन्य टिप्पणी

कृप्या इसे अतिआवश्यक एंवम महत्वपूर्ण समझें।

प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय (हि.प्र.)
24 FEB 2020
शिमला-1

हितेश आजाद (हि0प्र0 से0)
संयुक्त निदेशक प्रा0शि0
हिमाचल प्रदेश 171001
ई मेल eleeduhp@gov.in
फोन न0 0177-2658044

EDNST NO- EDN-KGR-LE-8J-MISC-2019-20 Feb-2020

Copy forwarded in original to all the Block Elementary Education officers of Distt. Kangra for information with the direction to adhere the instructions & send compiled report to this office.

Dy. Director of Ele. Education,
Kangra at Dharamshala.